हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 8 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

13 अपने दोषों को चुन-चुन कर त्याग देना चाहिए : आर्य



13 स्काउटिंग केवल एक गतिविधि नहीं बल्कि....



## खबर संक्षेप

### पीएनबी भागल से एलइडी चोरी, केस
**कैथल।** पंजाब नेशनल बैंक शाखा भागल से चोर एक एलइडी चुरा कर ले गए। पंजाब नेशनल बैंक भागल के प्रबंधक दीपक कुमार ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 नवंबर को सायं करीब 5:30 बजे चोर दीवार फांदकर वहां पर लगी एलईडी चुरा कर ले गए। चुराई गई एलईडी की कीमत करीब 8000 बताई गई है।

### वाहन की चपेट में आने से युवक की जान गई
**कैथल।** कैथल के गांव भैनीमाजरा के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आए बाइक चालक ने दम तोड़ दिया। भगत सिंह कॉलोनी कैथल के महेंद्र ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि 6 नवंबर को जब उसका भाई अजय बाइक पर सवार होकर भैनी माजरा के निकट से जा रहा था तो एक अज्ञात बाइक चालक ने उसके भाई की बाइक को टक्कर मार दी।

### मारपीट करने पर बीस लोगों पर मामला दर्ज
**जींद।** गांव बहादुरपुर में जमीन के विवाद के चलते जबरन धान उठाने, कंबाइन तथा कार से तोडफ़ोड़ करने, मारपीट करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने बीस लोगों के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव उरलाना कलां निवासी पवन ने पुलिस को शिकायत दी है।

### मोटरसाकिल चोरी का आरोपित गिरफ्तार
**कैथल।** भागल चौकी पुलिस ने बाइक चोरी मामले में प्रोडक्शन वारंट पर आरोपी गिरफ्तार किया है। मामले में भागल चौकी पुलिस प्रभारी एएसआई रघुबीर सिंह की टीम ने आरोपी गांव अलीपुर जट्टा जिला पटियाला पंजाब निवासी कृपाल राम को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लिया गया।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज
**जींद।** गांव लोधर से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव लोधर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई थी। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### हादसे में स्कूटी सवार घायल, मामला दर्ज
**कैथल।** कस्बा चीका के गुहला रोड पर एक वाहन की चपेट में आने से एक स्कूटी सवार घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। सरबजीत सिंह ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 नवंबर को जब उसका पिता सतपाल सिंह एक्टिवा पर सवार होकर गुहला रोड से जा रहा था तो एक अज्ञात वहन चालक ने उसे अपनी चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### अनाज मंडी से धान चोरी करने पर मामला दर्ज
**जींद।** अनाज मंडी अलेवा से धान की बोरी चोरी करने पर अलेवा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अलेवा निवासी आढती वेदपाल ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसकी दुकान से धान की बोरी गायब हो गई।

### कलायत में भाजपा की विस स्तरीय बैठक आज
**कलायत।** कलायत अनाज मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में 8 नवंबर को भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक होगी। इसमें मुख्य रूप से नव नियुक्त विधानसभा प्रभारी देवेंद्र अत्री शिरकत करेंगे। उनके साथ पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा, बूथ, मंडल व जिला स्तर के पदाधिकारी हिस्सा लेने जा रहे हैं।

# मौसम में परिवर्तनः सुबह-शाम की ठंड पड़ रही आमजन व शिशुओं पर भारी

## वायरल संक्रमण के 300 से अधिक की ओपीडी, 100 से ज्यादा बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

मौसम परिवर्तन के चलते सुबह व शाम की ठंड बढने से आमजन वायरल की चपेट में आ रहे हैं। इस समय दिन के समय तापमान 27 डिग्री तक रह रहा है जबकि न्यूनतम तापमान 11 डिग्री तक पहुंच रहा है। ऐसे में

सुबह व शाम की हल्की ठंडक का नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों, वृद्धों व आमजन को बीमार कर रही है। वहीं जिला में पराली के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। कृषि विभाग को अबतक जिला में 25 जगह पराली जलाने के मामले सामने मिल चुके हैं। जिनमें 22 पर एफआईआर की गई है और उनसे 1.30 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है। हालांकि यह मामले पिछले वर्ष से कम हैं। बावजूद इसके पर्यावरण प्रदूषण भी आमजन की सेहत पर असर डाल रहा है। जिला का एक्यूआई भी 300 तक रह रहा है। जो सांस के रोगियों के लिए परेशानी बनता है। छोटे बच्चों का तापमान नियंत्रण करने में आ रही परेशानीः ठंड के बावजूद दिन में धूप के कारण बच्चों को तापमान नियंत्रण करने में परेशानी हो रही है। जिससे शिशुओं और छोटे बच्चों में खांसी, जुखाम और बुखार की शिकायतें आ रही हैं। नागरिक अस्पतालों में वायरल संक्रमण के 300 से अधिक की ओपीडी हो रही है। इसमें 100 से ज्यादा छोटे बच्चे शामिल हैं।

अस्पताल में सोमवार व मंगलवार को ओपीडी जहां दो को हजार के पार रहती है वहीं अन्य क दिनों में ओपीडी 1600 के व आसपास रहती है। पहले अस्पताल जहां एक दिन में 100 से 150 बच्चों की जांच होती थी वहीं अब यह संख्या बढ़कर 200 से भी ज्यादा हो गई। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल 200 बेड का के अस्पताल है। दिन और रात के तापमान में अंतर बन रहा परेशानी गत सप्ताह तापमान 31 डिग्री तक रहा। अब चार डिग्री तक गिर कर तापमान 27 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं रात के तापमान में भी पांच से से छह डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई है। दिन और रात का तापमान गिरने से मौसम में सर्दी की दस्तक लोग महसूस करने लगे हैं। मौसम के नए मिजाज से अब लोगों को ठिठुरन का अहसास होने लगा है। सुबह और शाम के समय सर्दी से बचाव के लिए लोग गर्म कपड़ों का सहारा लेते अब दिखने लगे हैं। वहीं दिन के समय अब धूप खिलने से लोग धूप सेकते भी नजर आ रहे हैं।



जींद। नागरिक अस्पताल में दवा के लिए लाइन में लगे लोग। फोटो :हरिभूमि

### स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए
नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि इन दिनों शिशुओं व आमजन में कफ, बुखार और जुखाम की शिकायतें बढ़ रहीं हैं। इससे बचाव के लिए शिशु की माता को खाने-पीने का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बदलते मौसम में बच्चों में रोग प्रतिरोधी के कमजोर होने से बीमारियों का संक्रमण बढ़ता है। जिससे बचने के लिए बच्चों को विटामिन सी की जरूरत होती है। इसके लिए कीवी, संतरे और ड्रैगन फ्रूट आदि फल खिलाने चाहिए। खाने-पीने के हर सामान को ढककर रखना चाहिए। शिशुओं के कपड़ों को समय-समय पर बदलते रहना चाहिए। मौसमी बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए।

### डेंगू के मरीजों की संख्या 79
जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। अबतक स्वास्थ्य विभाग को डेंगे के कुल 73 मामले मिल चुके हैं। वहीं चिकनगुनिया के छह व मलेरिया के भी चार मामले आ चुके हैं। हालांकि विभाग ने अस्पताल में डेंगू वार्ड अलग से बनाया हुआ है।

ब्लॉक वाइज पराली जलाने के मामले

| ब्लॉक | मामले |
|---|---|
| नरवाना | 05 |
| उचाना | 09 |
| जींद | 02 |
| सफीदों | 03 |
| अलेवा | 01 |
| जुलाना | 02 |
| कुल | 22 |

नोट :- तीन मामले प्रोसेस में हैं।

### बारिश से किसानों को होगा नुकसान
इस समय खेती के हिसाब से धूप खिलना ही ठीक है। क्योंकि धान की बची हुई फसल खेतों से काटने में किसान जुटे हुए हैं। वहीं मंडियों में किसानों की फसल बिकने के लिए पड़ी हुई है। ऐसे में बारिश होती है तो यह किसानों को खून के आंसू रूलाने का काम करेगी।इस समय खेती के हिसाब से धूप खिलना ही ठीक है। क्योंकि धान की बची हुई फसल खेतों से काटने में किसान जुटे हुए हैं। मौसम विभाग की ओर से नौ नवंबर तक मौसम सामान्य बने रहने के संकेत हैं। हालांकि इसके बाद भी फिलहाल मौसम के तापमान में बदलाव के अलावा अभी कोई और बदलाव के संकेत नही हैं।

## खरकभूरा के पास वारदात: खेत से लौट रहा था ओमप्रकाश

# भूमि विवाद में आईटीआई शिक्षक की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या

## यूपी में अध्यापक के पद पर डयूटीरत, दो दिन की छुट्टी पर आया था

शिकायत के आधार पर पुलिस ने छह के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

गांव खरकभूरा के निकट सड़क पर बीती रात खेत से लौट रहे व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मृत मिलने से हडकंप मच गया। मृतक के सिर, चेहरे पर चोट के निशान थे। मृतक के बेटे ने आरोप लगाया कि जमीन विवाद के चलते उसके पिता की डंडों तथा लाठियों से पीट-पीट कर हत्या की गई है। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर दो लोगों को नामजद कर चार अन्य के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खरकभूरा निवासी ओमप्रकाश बीती रात अपने गांव तारखां की तरफ खेत में बाइक पर सवार होकर गया था। देर रात वह गांव की तरफ जाने वाली सड़क पर रक्तरंजित हालात में पड़ा पाया गया। मृतक के सिर तथा चेहरे पर चोट के निशान थे। बाइक तथा हेल्मेट सड़क पर पड़े हुए थे। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन तथा उचाना थाना पुलिस फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम के साथ मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा ले शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया। मृतक के बेटे अभिषेक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता यूपी में आईटीआई में अध्यापक के पद डयूटीरत था।



जींद। सड़क पर पड़ा मृतक का मोटरसाइकिल। फोटो :हरिभूमि

### छापेमारी जारी
उचाना थाना प्रभारी दिलबाग सिंह ने बताया कि मृतक के बेटे की शिकायत पर फिलहाल हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। आरोपितों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीमें छापेमारी कर रही हैं।

### जमीन को लेकर चल रहा विवाद
वह दो दिन की छुट्टी आया हुआ था। उनकी गांव के ही वजीर परिवार से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। बीती रात उसका पिता ओमप्रकाश खेत से वापस लौट रहा था तो वजीर, सुनील ने कुछ अन्य के साथ उसके पिता पर हमला कर हत्या कर दी। पूर्व में भी आरोपित उसके ताऊ पर हमला कर चुके हैं। उचाना थाना पुलिस ने अभिषेक की शिकायत पर वजीर, सुनील को नामजद कर चार अन्य के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक को बेरहमी से पीटा
**जींद।** गांव दबलैन में व्यक्ति का अपहरण कर बेरहमी से मारपीट करने तथा उसकी पत्नी से बदसलूकी करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ अपहरण करने, मारपीट करने अश्लील हरकत करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दबलैन निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव में संदीप के साथ पिछले आठ साल से लिव इन रिलेशन मे रह रही है। जाति अलग होने के कारण संदीप के परिवार वालों का यह मंजूर नही है। बीती शाम संदीप मकान के सामने खड़ा हुआ था। उसी दौरान उसके परिजन संदीप को घसीटते हुए मकान में ले गए और बेरहमी से मारपीट कर बंधक बना लिया। पुलिस ने उसे मौके पर पहुंच छुड़ाया और अस्पताल पहुंचाया। बीती रात संदीप परिवार के लोग दीवार फांद कर उसके मकान में घुस आए और उसके साथ बदसलूकी की। सदर थाना नरवाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर कपिल, मपदीप, सकून तथा चांदी राम के खिलाफ अपहरण करने, मारपीट , बंधक बनाने, अश्लील हरकत करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

कर्मचारी-विरोधी नीतियों लंबित मांगों को लेकर रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीवन

सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ हरियाणा के एक प्रतिनिधि मंडल ने विधायक देवेन्द्र हंस के सीवन कार्यालय पर सरकार के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में उन्होंने हरियाणा सरकार की कर्मचारी-विरोधी नीतियों तथा लंबित मांगों को लेकर नाराजगी व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वर्षों तक शासन-प्रशासन को समर्पित सेवा के बावजूद सेवानिवृत्त कर्मचारियों को न पर्याप्त पेंशन मिल रही है, न समुचित चिकित्सा सुविधा और न ही समय पर एरियर का भुगतान हो रहा है।



सीवन। विधायक को ज्ञापन सौंपते सेवानिवृत्त कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### लंबित एरियर का तुरंत भुगतान किया जाए
कहा कि भाजपा सरकार की नीतियाँ सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों को लगातार कमजोर कर रही हैं, जिसके कारण यह वर्ग आर्थिक व मानसिक दोनों रूप से परेशान है। ज्ञापन में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने लिखा कि 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पेंशनरों की पेंशन में क्रमशः 5%, 10% और 15% वृद्धि दी जाए, सभी पेंशनरों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा की व्यवस्था की जाए, पुराने पेंशनरों के लंबित एरियर का तुरंत भुगतान किया जाए, मेडिकल भत्ता 1,000 से बढ़ाकर 3,000 प्रतिमाह किया जाए, पेंशनरों को एलटीसी (लीव ट्रैवल कंसेशन) की सुविधा प्रदान की जाए, सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालय के कर्मचारियों के हित में दिए गए फैसलों को सभी पर समान रूप से लागू किया जाए और कोरोना काल के 18 महीनों के डीए एरियर का तत्काल भुगतान किए जाए। ज्ञापन ग्रहण करते हुए विधायक देवेन्द्र हंस ने उपस्थित कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके प्रति सहानुभूति व्यक्त की।

# युवक को इंग्लैंड भेजने के नाम पर 12 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

सदर पुलिस ने गांव मालखेड़ी के युवक को इंग्लैंड भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने के मामले पांच व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव मालखेड़ी के राहुल सिंह ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि उसकी जींद के अरुण के साथ दोस्ती थी। अरूण ने उसे कहा कि उसका एक दोस्त कर्ण जींद में युवाओं को बाहर भिजवाने का काम करता है। इस पर उसने अपने भाई गौरव को इंग्लैंड में भिजवाने की बात कही तथा 14 लाख रुपए में उनका सौदा तय हो गया। इसके उपरांत उसने अरुण को डेढ़ लाख रुपए नकद तथा 50 हजार रुपए गूगल पर तथा आढती के माध्यम से साढे 13 लाख रुपए रख दिए। यह सौदा तैयार हुआ कि जब उसका भाई विदेश पहुंच जाएगा तो यह राशि आढती के पास से उठा लेंगे।

### 25 कट्टे चावल चोरी मामले में 5वां आरोपित गिरफ्तार
**कैथल।** चलते ट्रक का तिरपाल काटकर 25 कट्टे चावल चोरी करने के मामले में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने 5वां आरोपी काबू किया है। मामले में यूनिट प्रभारी एएसआई रमेश की टीम ने जांच करते रामनगर कैथल निवासी आरोपी अजय उर्फ बजरंगी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड जींद रोड कैथल निवासी महेंद्र सिंह ने शिकायत दी थी कि जींद रोड कैथल पर उसकी बालाजी ट्रांसपोर्ट के नाम से दुकान हैं। 15/16 अक्टूबर की रात को दुकान ट्रक चावल लोड करके सोनीपत के लिए जा रहा था। जब ट्रक खनोरी रोड अंडरपास के पास पहुंचा तो अज्ञात ने से तिरपाल काटकर 25 कट्टे चोरी कर लिए।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार
**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने 2 चोरीशुदा बाइक सहित 1 बाइक चोर काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की टीम ने गांव पेगा जिला जींद निवासी आरोपी कुलदीप उर्फ कल्लू को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सिसला निवासी रतन सिंह की शिकायत दी थी कि 27 अक्टूबर को डिफेंस कॉलोनी कैथल के पास से उसकी बाइक को अज्ञात c चोरी कर ले गया। इस बारे थाना सिविल लाइन में केस दर्ज कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से यह चोरीशुदा बाइक के अतिरिक्त एक अन्य बाइक बरामद की, जो आरोपी ने उक्त बाइक को थाना सिविल लाइन क्षेत्र से चोरी करना कबूल किया है। आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### पक्का करने की उठाई मांग
**जुलाना।** नपा संघ हरियाणा, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा और सीटू के संयुक्त आह्वान पर शुक्रवार को जुलाना नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी सफाई कर्मियों ने नौ नवंबर को कुरुक्षेत्र के पीपली में होने वाली महापुकार रैली में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। प्रदर्शन से पहले सफाई कर्मियों ने सीटू नेता सुभाष पांचाल, सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान संजय गिल, कर्मचारी नेता ईश्वर ठाकुर के नेतृत्व में रोष बैठक की और सफाई कर्मियों की समस्याओं पर चर्चा की। कहा कि ठेकेदारी प्रथा सफाई कर्मियों के शोषण का सबसे बड़ा कारण है। ठेकेदार समय पर वेतन नहीं देते हैं। भाजपा सरकार ने पिछले 11 सालों में एक भी पक्की भर्ती नहीं की है। सफाई कर्मियों के वेतन में मात्र 2100 रुपये की बढ़ोत्तरी कर सरकार ने मजाक किया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी सफाई कर्मचारी नौ नवंबर को पीपली पहुंच कर ठेकेदारी प्रथा खत्म करने, सभी कच्चे कर्मियों को कलम से पक्का करने की मांग।



पूंडरी। डीएवी कॉलेज में छात्रों को संबोधित करते प्राचार्य डॉ राजेश तुरान।

### वंदे मातरम गौरव का प्रतीकः डॉ राजेश
**पूंडरी।** डीएवी कॉलेज पूंडरी के प्रांगण में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रभक्ति, एकता, और सांस्कृतिक गौरव से ओत-प्रोत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य मेजर डॉ राजेश तुरान ने कहा कि वंदे मातरम की रचना बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी ने 7 नवंबर 1875 को की थी। जिस उपलक्ष्य में आज दिल्ली के नेशनल वॉर मेमोरियल से लेकर अंडमान निकोबार द्वीप समूह की सेल्यूलर जेल तक 150 ऐतिहासिक स्थलों पर सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया जाएगा। डॉ तुरान ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं है बल्कि राष्ट्र की पहचान और गौरव का प्रतीक भी है, स्वतंत्रता संग्राम के सभी क्रांतिकारियों ने इस गीत को अपना मूलमंत्र बनाकर अपना सर्वस्व भारत माता के लिए आहुत कर दिया। यह दिवस आज हमारे लिए भी संकल्प का दिवस है। हमें भी अपने अपने कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा से निभाना चाहिए तभी हम वंदे मातरम गीत के मूल भाव को आत्मसात करने वाले व्यक्तित्व का निर्माण कर पाएंगे । इस अवसर पर पूर्वाह्न 9:50 पर प्राचार्य सहित सभी प्राध्यापकगणों, विद्यार्थियों ने वंदे मातरम का सामूहिक गान किया, एनसीसी कैडेट् अमरजीत ने देशभक्ति गीत का गायन कर देशभक्ति की भावना को जागृत किया। कार्यक्रम में मंच संचालक रहे इतिहास विभाग के प्राध्यापक दीपक राणा ने वंदे मातरम के ऐतिहासिक पहलुओं पर सारगर्भित चर्चा की।



कैथल। प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### कांग्रेसियों ने चुनाव आयोग का पुतला फूंका
**कैथल।** हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में कथित 25 लाख वोटों की चोरी के आरोपों ने राजनीतिक तापमान को और भड़का दिया है। कैथल शहर में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें वे सड़कों पर उतर आए और चुनाव आयोग तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाकर अपना गुस्सा जाहिर किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचन्द्र गुर्जर ढांड़ की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए भाजपा और चुनाव आयोग पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाया, तथा मांग की कि चुनावों की पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच हो। इस प्रदर्शन में विशेष तौर से वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुदीप सुरजेवाला, गुहला से विधायक देवेंद्र हंस और पुंडरी से पूर्व विधायक सुल्तान सिंह जड़ौला शामिल हुए। यह विरोध प्रदर्शन कैथल के हरियाणा शहीदी स्मारक से नवग्रह चौंक तक पहुंचा, जहां सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने 'वोट चोर गद्दी छोड़ो', 'चुनाव आयोग ने जनता का अपमान किया' और 'मोदी सरकार मुर्दाबाद' जैसे नारे लगाए और चुनाव आयोग का पुतला फूंका।

### जींदः अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला स्तरीय बैठक
**जींद।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित जिला कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने की। बैठक में जिलेभर से पदाधिकारी, कार्यकर्ता और उपभोक्ता जागरूकता से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत संगठन मंत्र से की गई। जिसके बाद संगठन के उद्देश्यों और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने अपने संबोधन में कहा कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें आधुनिक युग की चुनौतियों से सुरक्षित रखना है। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन ठगी, ई-कॉमर्स धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जिनसे बचाव के लिए उपभोक्ताओं को सतर्क रहना आवश्यक है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत, अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति ने तोड़ा दम

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

सीआरएसयू तथा बस अड्डा सर्विस रोड पर बीती रात हुए अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज किए हैं। पुलिस ने तीनों मृतकों के शवों के पोस्टमार्टम करा परिजनों सौंप दिए हैं। कृष्णा कालोनी निवासी सिन्हा (33) तथा टिंकू (35) बीती रात बाइक पर सवार होकर कार्यवश रोहतक रोड पर जा रहे थे। सीआरएसयू के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार कार नेउनकी बाइक को टक्कर मार दी। राहगीरों ने दोनों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची व हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक सिन्हा के मामा जयप्रकाश की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



जींद। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

### दोनों में थी गहरी दोस्ती
मृतक सिन्हा तथा टिंकू में गहरी दोस्ती थी। टिंकू बाइक ठीक करता था। जबकि सिन्हा पेट्रोल पंप पर कार्य करता था। बाइक पार्टस लाने के दोनों रोहतक रोड बाइपास की तरफ जा रहे थे। रास्ते में हादसे में दोनों की मौत हो गई। मृतक सिन्हा का बड़े भाई सोनू की भी लगभग सात पहले उसी स्थान पर सड़क हादसे में मौत हुई थी। जहां बीती रात दोनों की मौत हुई। मृतक सिन्हा अपने पीछे तीन बच्चे तथा पत्नी तथा टिंकू दो बच्चे तथा पत्नी छोड़ गया है।

### मामले की जांच जारी
चाबरी कालोनी निवासी मनदीप (30) बीती रात नए बस अड्डे के निकट सर्विस रोड को पार कर रहा था। उसी दौरान तेजरफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। गंभीर हालात में राहगीरों ने उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने मनदीप को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने फरार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सदर थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि मृतक कार्यवश बाईपास की तरफ जा रहे थे। रास्ते में हादसा हो गया। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।



सूअर में पसीने की ग्रंथियां नहीं होती हैं, इसलिए वे ठंडा रहने के लिए कीचड़ में लौटते हैं।



बाज की दूर की दृष्टि औसत इंसान से लगभग 700% बेहतर होती है।

# कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन चमकाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

कंप्यूटर के कार्य करने के तरीके को जानकर उसका सुचारू रूप से संचालन करना कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर का कार्य होता है। कंप्यूटर अनुदेशक कंप्यूटर को इंस्ट्रक्टशन देता है या फिर कंप्यूटर इंस्ट्रक्टशन को लोगों को आम भाषा में सिखाता है इसे आप आसान भाषा में कंप्यूटर अध्यापक भी कह सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि कंप्यूटर का उपयोग आज के समय में बड़े पैमाने पर किया जाता है। इसके लिए कंप्यूटर को इंस्ट्रक्टर करने वाले लोगों की भी डिमांड देश और दुनिया में हर दिन बढ़ रही है तो आइए कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के बारे में जानते हैं।

## बहुत अधिक महत्व

कंप्यूटर का उपयोग तथा उसका महत्व क्या है? यह बात आप भली-भांति जानते ही होंगे, क्योंकि आज के समय में कंप्यूटर प्रत्येक छोटा से छोटा और प्रत्येक बड़ा से बड़ा कार्य कर लेता है। कंप्यूटर पर आज के समय में दुनिया भर के प्रत्येक काम किए जाते हैं। कंप्यूटर की मदद से ही बड़ी-बड़ी कंपनियां और बड़े बड़े उद्योगों को चलाया जाता है। इस तरह से कंप्यूटर की उपयोगिता के आधार पर आप इसकी जरूरत और इससे होने वाले फायदों के बारे में भली-भांति जान सकते हैं। कंप्यूटर आज के दैनिक जीवन में इस्तेमाल किए जाने वाला एक आम उपकरण बन चुका है जिसका इस्तेमाल भारत में तथा दुनिया भर में 80% से भी अधिक आबादी करती है। कंप्यूटर का उपयोग ज्योति नहीं करते हैं वह कंप्यूटर के द्वारा निर्मित या कंप्यूटर के सहयोग से बनी हुई वस्तुओं का उपयोग अवश्य करते हैं। इस बात से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि कंप्यूटर आज के समय में कितना महत्वपूर्ण उपकरण बन चुका है। कंप्यूटर पर आधारित बड़े-बड़े उद्योग और बड़ी-बड़ी कंपनियां संचालित हैं। कंप्यूटर की मदद से ऑनलाइन कार्य किए जाते हैं और हर तरह के काम को आसान बनाया जाता है। कंप्यूटर बहुत सारे लोगों का काम अकेला ही तथा कुछ ही समय में कर देता है इसके अलावा काफी आसान तरीके से काम को निपटा देता है इसीलिए कंप्यूटर का महत्व है।

## कौन होता है कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर

एक ऐसा व्यक्ति जो कंप्यूटर की प्रणालियों को समझ कर लोगों के इस्तेमाल के लिए कंप्यूटर को तैयार रखता है या कंप्यूटर की प्रणालियों को समझ कर लोगों को आसान भाषा में बताता है, ऐसे व्यक्ति को हम कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर कहते हैं। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर एक प्रकार का कंप्यूटर अध्यापक होता है जो कंप्यूटर से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्य करता है। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर का कार्य आमतौर पर बड़े-बड़े सरकारी विद्यालयों में तथा बड़े-बड़े प्राइवेट शिक्षण संस्थान में बच्चों को कंप्यूटर की क्लास के दौरान होता है।

### कौन से कार्य करने होते

कंप्यूटर एक ऐसा उपकरण है जो जटिल से जटिल कार्य को कम से कम समय में पूरा कर देता है। कंप्यूटर को समझना बहुत आसान है और बहुत कठिन भी है क्योंकि हम जितना कंप्यूटर को समझेंगे उतना हम कार्य कर सकते हैं। लेकिन हम कंप्यूटर को पूरी तरह से नहीं समझ सकते, क्योंकि हम जितना चाहे उतना कंप्यूटर को समझ सकते हैं और जितना चाहे उतना अपनी समझ के अनुसार कंप्यूटर से कार्य करवा सकते हैं जो व्यक्ति जितना अधिक कंप्यूटर के क्षेत्र में आगे बढ़ता है। कंप्यूटर की शिक्षा प्राप्त करता है। वह उसके अनुकूल कंप्यूटर से संबंधित शिक्षा ग्रहण कर लेता है Computer instructor एक ऐसा ही पद होता है।

## कंप्यूटर अनुदेशक की योग्यताएं

कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनना चाहते हैं तो आपको कुछ योग्यताएं पास करनी होगी, जिसके बाद ही आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन सकते हैं क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण पद है। प्रत्येक व्यक्ति को कंप्यूटर के सेक्टर में अतिरिक्त और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त नहीं होती है। अगर आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनना चाहते हैं, तो आपको कंप्यूटर से संबंधित कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और कंप्यूटर की प्रणाली को गंभीरता से जानना होगा। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने की योग्यता इस प्रकार है।

- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए आपको कंप्यूटर के सेक्टर में गहरी रूचि होनी चाहिए।
- आपके पास कंप्यूटर के क्षेत्र मे डिप्लोमा या कोई अतिरिक्त उच्च डिग्री होनी चाहिए।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के लिए आपको कंप्यूटर को गहराई से समझना होगा।
- कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और कंप्यूटर की प्रणाली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करनी होगी।
- कंप्यूटर अनुदेशक बनने के लिए संबंधित शिक्षण संस्थान तथा वैकेंसी के अंतर्गत आवेदन करना होगा। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए संबंधित लिखित एवं महत्वपूर्ण परीक्षा पास करनी होगी।

**कैसे बनें :** सरकारी नौकरी के तहत कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के लिए आपको शिक्षण संस्थान या संस्था द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती के लिए मांगे गए आवेदन के अंतर्गत आवेदन करना होगा।

- आवेदन करने के बाद निर्धारित की गई योग्यता के आधार पर अपनी योग्यता सिद्ध करनी होगी।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के लिए आयोजित परीक्षा अच्छें अंकों के साथ पास करनी होगी, तभी आपका नंबर मेरिट लिस्ट में आ पाएगा।
- अगर आपका नाम मेरिट लिस्ट में आ जाता है तो आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन जाते हैं।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के बाद कार्यरत होने से पहले आपको संबंधित अपने सभी दस्तावेजों को प्रमाणित करवाना होता है।
- प्राइवेट सेक्टर में कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए आपको संस्था या शिक्षण संस्थान के आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा।

## सर्जरी के हीरो पर्दे के पीछे, करियर का बेहतरीन विकल्प

# एनेस्थेसिया एवं ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजिस्ट बन छू लें आसमान



विपुल शर्मा
मोटिवेशनल स्पीकर

अगर आप भी मेडिकल के क्षेत्र में अपना करियर चमकाना चाहते हैं तो आपके लिए एनेस्थेसिया एवं ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजिस्ट का कोर्स एक बेहतर करियर विकल्प हो सकता है। यह कोर्स करने के बाद आप सर्जरी में पर्दे के पीछे के हीरो बन जाएंगे और अपने करियर को नई उड़ान दे सकेंगे। इसके साथ आपको मरीजों की सेवा करने का भी मौका मिलता है। मरीज की सर्जरी के समय ऑपरेशन थिएटर में एक संपूर्ण मेडिकल टीम सक्रिय रहती है, जिसमें सर्जन और एनेस्थेटिस्ट के साथ एक उच्च प्रशिक्षित तकनीकी विशेषज्ञ भी मौजूद होता है। यही विशेषज्ञ होता है जो एनेस्थीसिया और ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजिस्ट (एओटीटी) जो मरीज की सुरक्षा, ओटी उपकरणों की तैयारी और सर्जिकल प्रक्रिया की निरंतरता सुनिश्चित करता है। इस कारण इसे मेडिकल फील्ड के सबसे महत्वपूर्ण, लेकिन कम दिखाई देने वाले प्रोफेशन में से एक माना जाता है।

**12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी) में न्यूनतम 50/55% अंकों के साथ पास होना जरूरी**

**बी.एससी. इन एनेस्थीसिया और ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी**

### एनेस्थेसिया एवं ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजिस्ट

एनेस्थेसिया एवं ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजिस्ट एक टेक्नो-क्लिनिकल विशेषज्ञ होता है, जो सर्जरी से पहले, दौरान और बाद में तकनीकी तथा क्लिनिकल सपोर्ट प्रदान करता है।

ये हैं मुख्य जिम्मेदारियां :-

- ओटी की तैयारी और तकनीकी सेटअप
- मशीनों, मॉनिटर्स और उपकरणों की जांच व संचालन
- एनेस्थीसिया प्रक्रिया में सहायता
- स्टरलाइजेशन और संक्रमण नियंत्रण
- आईसीयू/आपातकालीन स्थितियों में तकनीकी सहायता
- कार्डियक/न्यूरो/ऑर्थो जैसे सुपर-स्पेशियलिटी ओटी में सपोर्ट

## सरकारी संस्थानों में परीक्षा के आधार पर ही दाखिला



### कोर्स की अवधि

बी.एससी. इन एनेस्थीसिया और ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी एक 4 वर्षीय स्नातक डिग्री कार्यक्रम है, जिसमें 3 वर्ष का अकादमिक प्रशिक्षण और 1 वर्ष की अनिवार्य क्लिनिकल इंटर्नशिप शामिल होती है। इस दौरान विद्यार्थियों को कक्षा शिक्षण, लैब प्रैक्टिकल्स तथा ऑपरेशन थिएटर एवं एनेस्थीसिया विभाग में वास्तविक कार्य अनुभव प्रदान किया जाता है। इंटर्नशिप के दौरान छात्र ओटी सेटअप, एनेस्थीसिया मशीनों का संचालन, लाइफ सपोर्ट इक्विपमेंट्स की मेंटेनेंस, सर्जिकल उपकरणों की स्टरलाइजेशन प्रक्रिया तथा मरीज की प्री ऑपरेटिव देखभाल जैसे महत्त्वपूर्ण कौशलों का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इसके अतिरिक्त, कई संस्थान विद्यार्थियों को केस स्टडी, वर्कशॉप्स, सिमुलेशन-बेस्ड ट्रेनिंग एवं रिसर्च प्रोजेक्ट्स जैसे माध्यमों से उन्नत व्यावहारिक ज्ञान हासिल करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। इस दौरान तकनीकी दक्षता के साथ-साथ आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, टीमवर्क, रोगी सुरक्षा और पेशेवर संवेदनशीलता पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

### रोजगार के बेहतरीन अवसर

- बहु-विशेषता अस्पताल
- सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय
- आईसीयू / एनआईसीयू / क्रिटिकल केयर इकाई
- आपातकालीन एवं ट्रॉमा देखभाल सेवाएं
- दर्द प्रबंधन इकाइयां
- केन्द्रीय स्टरल सप्लाई विभाग एवं संक्रमण नियंत्रण
- सशस्त्र बल / ईएसआईसी / रेलवे चिकित्सा सेवाएं
- चिकित्सा उपकरण उद्योग

***यह सिखाया जाता है इंटर्नशिप में :*** *इंटर्नशिप के दौरान छात्र वास्तविक अस्पतालों में कार्य करते हुए लाइव क्लिनिकल अनुभव प्राप्त करते हैं, जहां उन्हें ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में सेटअप, स्टरलाइजेशन और उपकरणों के संचालन, एनेस्थीसिया विभाग में IV लाइन लगाना, एयरवे मैनेजमेंट और दवाओं की तैयारी, आईसीयू/ सीसीयू/ एनआईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट एवं क्रिटिकल केयर मॉनिटरिंग, इमरजेंसी एवं ट्रॉमा में बीएलएस-एसीएलएस तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया, सीएसएसडी में उपकरणों की स्टरलाइजेशन प्रक्रिया एवं ओटी एसेप्सिस और पेन क्लिनिक में सेडेटिव व एनाल्जेसिक प्रक्रियाओं में सहायता जैसे कौशलों का गहन प्रशिक्षण दिया जाता है। यह एक वर्षीय क्लिनिकल प्रैक्टिस छात्रों को वास्तविक अस्पताल-परिस्थिति में दक्ष बनाकर उन्हें एक कुशल, व्यावहारिक और अस्पताल-योग्य प्रोफेशनल के रूप में तैयार करती है।*

### कोर्स की योग्यता

इस कोर्स में प्रवेश के लिए छात्र को 12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी) में न्यूनतम 50/55% अंकों के साथ पास होना चाहिए। सरकारी संस्थानों में केवल प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही दाख़िला होता है। आज कई निजी संस्थान भी यह कोर्स संचालित कर रहे हैं, लेकिन छात्रों को संस्थान चुनते समय उसकी मान्यता और क्लिनिकल ट्रेनिंग सुविधा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। चूंकि यह कोर्स तकनीकी और मरीजों के सीधे संपर्क से जुड़ा है, इसलिए व्यवहारिक ज्ञान इसकी सबसे बड़ी आवश्यकता है।

### इन संस्थानों से कर सकते हैं कोर्स

- पीजीआईएमएस रोहतक (पंडित भगवत दयाल शर्मा स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक)
- पी.जी.आई. चंडीगढ़ (पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़)
- जेआईपीएमईआर (जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, पुदुचेरी)
- जीएमसीएच चंडीगढ़। (शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, चंडीगढ़)
- एसजीपीजीआईएमएस (संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ)
- एम्स दिल्ली(अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली)
- एम्स भोपाल (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल)
- एम्स बिभीनगर (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, बिभीनगर, तेलंगाना)
- एम्स देवघर (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, देवघर
- एम्स गोरखपुर (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, गोरखपुर)
- एम्स जोधपुर (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर)
- जामिया हमदर्द (जामिया हमदर्द (विमुक्त विश्वविद्यालय), नई दिल्ली)

### वेतनमान के लिये ये श्रेणी

- **फ्रेशर:** 25,000 रुपये से 35,000 रुपये तक
- **सरकारी अस्पतालों में प्रारंभिक वेतन:** लगभग 60,000 रुपये प्रतिमाह से शुरू होता है।
- **अनुभवी (3–5 वर्ष):** 45,000 रुपये से 70,000 रुपये तक
- **सुपर स्पेशियलिटी/सीनियर:** 80,000 रुपये से 1,20,000+ रुपये तक संभव
- **विदेश में भी मौके** : 2–4 लाख रुपये प्रतिमाह तक संभव

### गर्व का करियर

यदि आप बिना एमबीबीएस किए ही मेडिकल फील्ड में सीधा क्लिनिकल योगदान देना चाहते हैं, तो (बी.एससी. इन एनेस्थीसिया और ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी) का कोर्स आपके लिए एक उत्कृष्ट और सम्मानजनक करियर विकल्प हो सकता है। यह प्रोफेशन न केवल तकनीकी दक्षता सिखाता है, बल्कि मरीज की जान बचाने वाली टीम का अभिन्न हिस्सा बनने का गर्व भी देता है। इस काम को करके आप एक अलग ही अनुभव महसूस करेंगे और अपने करियर को उड़ान दे सकेंगे। सर्जरी की सफलता और मरीज की सुरक्षा में एओटीटी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और अनिवार्य है। यही कारण है कि इन्हें सही मायनों में ऑपरेशन थिएटर के सच्चे हीरो कहा जाता है। अतः आप भी इस करियर विकल्प को अपनाकर पर्दे के पीछे के हीरो बनकर लोगों की जान बचाने में अहम योगदान दे सकते हैं।

# प्राकृतिक संसाधनों का महत्व और सूर्य की तरह चमकने का रहस्य



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश है जहां त्योहार न केवल खुशियां बांटते हैं, बल्कि जीवन के गहन सबक भी सिखाते हैं। हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में दीपावली और छठ पूजा विशेष स्थान रखते हैं। दीपावली को प्रकाश का पर्व कहा जाता है, जबकि छठ सूर्य देव और प्रकृति की उपासना का प्रतीक है। ये त्योहार छात्रों के लिए न केवल सांस्कृतिक धरोहर हैं, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को समझने और जीवन में सूर्य की तरह चमकने का मार्गदर्शन भी करते हैं। इस लेख में हम करेंगे कि छात्र इन त्योहारों से क्या सीख सकते हैं, प्राकृतिक संसाधनों की प्रासंगिकता क्या है और कैसे वे अपने जीवन को उज्ज्वल बना सकते हैं। भारत वो मिट्टी है जहाँ त्योहार सिर्फ़ उत्सव नहीं, मां की गोद जैसे हैं जो गले लगाकर सिखाते हैं कि ज़िंदगी का असली प्रकाश बाहर नहीं, अंदर जलता है। दीपावली और छठ... ये दो नाम सुनते ही आंखों में चमक और दिल में एक गुदगुदी सी होती है।

## अंधेरा चाहे कितना गहरा हो, एक दीया काफी है

दीपावली वो मां है जो कहती है, "बेटा, अंधेरा चाहे कितना गहरा हो, एक दीया काफी है"। छठ वो दादी है जो नदी किनारे खड़ी होकर फुसफुसाती है, "सूरज को धन्यवाद देना, क्योंकि वो रोज़ तेरे लिए उगता है। ये त्योहार छात्रों के लिए सिर्फ़ छुट्टी नहीं दिल की क्लासरूम हैं। जहां प्राकृतिक संसाधन कोई सब्जेक्ट नहीं, सांसें हैं। और सूर्य की तरह चमकना कोई ड्रीम नहीं, विरासत है।

**दीपावली:** जब मां की हंसी दीयों में उतर आती है कार्तिक की अमावस्या। अयोध्या में राम लौटे थे। माँ सीता की आंखों में आंसू थे खुशी के। और आज? तुम्हारी माँ रसोई में दीये सजाती है। उसकी उँगलियाँ मिट्टी को छूती हैं। वो मिट्टी, जो तुम्हारे गाँव की है। वो तेल, जो खेतों से आया। वो बाती, जो दादी ने हाथ से काता।

**दिल को छूने वाले सबक:** 1. प्रकाश का महत्व: एक दीया जलता है तो लगता है, माँ की गोद में सोने जैसा सुकून। वो बताता है साधारण चीजों में भी जादू है। बिजली चली जाए तो क्या? तुम्हारा हौसला तो जल रहा है ना? आज की बिजली की बर्बादी देखकर मां रोती है। तुम बचाओ उसकी आँखों के आंसू बचेंगे।

**2. स्वच्छता और तैयारी:** दीवाली से पहले मां कहती है, "घर साफ़ करो, दिल भी साफ़ हो जाएगा"। परीक्षा का पेपर हो या जीवन का इम्तिहान सफ़ाई से शुरूआत होती है।

**3. साझेदारी और दान:** लक्ष्मी पूजन के बाद मां पड़ोसन को मिठाई देती है। "बेटा, जो बांटोगे, वही बढ़ेगा"। तुम्हारे नोट्स, तुम्हारा समय बांटो। एक दिन कोई तुम्हें अपना सूर्य बनाएगा।

**छठ पूजा: जब नदी मां बनकर गाती है**

बिहार की घाट। सुबह 4 बजे। ठंडी हवा। माँ सूप लिए खड़ी हैं। सूरज को पहला अर्घ्य। उस पल सूरज नहीं, माँ की आँखें चमकती हैं।

### दिल को पिघला देने वाले सबक

1. **प्राकृतिक संसाधनों की पूजा:** ठेकुआ में गुड़ की मिठास, गन्ने में खेत की खुशबू, नारियल में समंदर की लहर। ये सब मां की थाली में हैं क्योंकि प्रकृति मां है। जल संकट में जब गाँव की नदी सूखती है, माँ की आँखें सूखती हैं। तुम बचाओ मां की मुस्कान बचाओ।

2. **कठिनाई में धैर्य:** 36 घंटे का निर्जला व्रत। मां कहती हैं, "बेटा, दर्द में भी धैर्य रखो"। JEE की रातें, इंटरव्यू की घबराहट याद रखो, माँ खड़ी थीं नदी में, तुम भी खड़े रहोगे।

3. **स्वास्थ्य और शुद्धता:** ठेकुआ खाकर मां कहती हैं, "शुद्ध खाओ, शुद्ध सोचो"। जंकफूड छोड़ो। मां की थाली में स्वास्थ्य है, इंस्टाग्राम में नहीं।

दीपावली और छठ जैसे त्योहार केवल उत्सव नहीं, बल्कि जीवन दर्शन हैं। छात्र इनसे प्राकृतिक संसाधनों का सम्मान, अनुशासन, धैर्य और सकारात्मकता सीख सकते हैं। आज के डिजिटल युग में जहां बच्चे स्क्रीन से चिपके रहते हैं, ये त्योहार उन्हें प्रकृति से जोड़ते हैं। आइए, इन त्योहारों को मनाते हुए वादा करें कि हम संसाधनों की रक्षा करेंगे और सूर्य की तरह चमककर देश का भविष्य उज्ज्वल बनाएंगे।

**प्राकृतिक संसाधनों की प्रासंगिकता:** मां की गोद ख़तरे में

सूर्य की तरह चमकने का रहस्य: मां का आशीर्वाद सूरज रोज़ उगता है, क्योंकि मां रोज़ प्रार्थना करती है।"

**सकारात्मक ऊर्जा:** सूरज कभी नहीं कहता—"आज थक गया हूं"। तुम भी मत कहो। मां की लोरी में ताकत है।

**ज्ञान का प्रकाश:** दीपावली का दीया मां की आंखों की चमक। पढ़ो, ताकि अज्ञानता का अंधेरा भागे।

**स्वास्थ्य और अनुशासन:** छठ का उपवास, मां का **detox**। योग करो। सुबह उठो। मां की थाली में जादू है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** किसे कंप्यूटर का पितामह कहा जाता है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) जोसेफ जैक्युर्ड

**2.** कम्प्यूटर के विकास में सर्वाधिक योगदान किसका है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) वान न्यूमन

**3.** प्रथम अंकीय कम्प्यूटर के ब्लू प्रिंट के विकास में सर्वाधिक योगदान किसका है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) विलियम बुरोस

**4.** सर्वप्रथम आधुनिक कम्प्यूटर की खोज कब हुई
(ए) 1946 ई.
(बी) 1950 ई.
(सी) 1960 ई.
(डी) 1965 ई.

**5.** कम्प्यूटर की भौतिक बनाबट कहलाती है
(ए) सॉफ्टवेयर
(बी) हार्डवेयर
(सी) फर्मवेयर
(डी) ह्यूमन वेयर

**6.** कम्प्यूटर के संचालन में प्रयुक्त प्रोग्राम.नियम तथा कम्प्यूटर क्रियाओं से सम्बन्धित अन्य लिखित सामग्री को कहा जाता है
(ए) सॉफ्टवेयर
(बी) हार्डवेयर
(सी) नेटवर्क
(डी) फर्मवेयर

**7.** कम्प्यूटर का नियंत्रक भाग कहलाता है
(ए) प्रिंटर
(बी) कुंजी पटल
(सी) CPU
(डी) हार्ड डिस्क

**उत्तर** 1.(बी) 2.(डी) 3.(बी) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(सी)

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का किया आयोजन

**जींद।** महाराजा अग्रसेन विद्यालय में शिक्षा निदेशक के निर्देशानुसार शुक्रवार सुबह सामूहिक रूप से वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया। विद्यालय प्रधान महावीर गुप्ता ने कहा कि बंकिम चंद्र चटर्जी ने अक्षय नवमी के अवसर पर सात नवंबर 1875 को वंदे मातरम गीत लिखा था। आज गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर पूरा वर्ष स्मरण उत्सव के रूप में इसका गायन किया गया।

### स्कूल में हुई निबंध प्रतियोगिता

**जींद।** गांव अहिरका के आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में र्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी स्टाफ सदस्य, प्रशिक्षणार्थी छात्र छात्राएं तथा एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत एक निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें छात्रों ने देशभक्ति और राष्ट्र प्रेम के विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

### क्षमता विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रम

**जींद।** जिला सांख्यिकीय व जिला योजना कार्यालय द्वारा सांख्यिकीय आंकड़ों में सुधार के लिए सांख्यिकीय सुदृढीकरण उप योजना के लिए समर्थन के अंतगर्त क्षमता विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर एक दिन के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला उद्योग कार्यालय जींद इत्यादि से लगभग 60 अधिकारियों, कर्मचारियों को सांख्यिकीय आंकड़ों से संबंधित जैसे कि आंकड़ों की महत्वत्ता, शुद्धता, विश्लेषण की प्रक्रिया और जिला सांख्यिकीय कार्यालय जींद द्वारा रिपोर्ट पब्लिकेशन के प्रारूपों को भरने के बारे में आने वाली कठिनाईयों, शुद्धता के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

### तेरह को जींद पहुंचेगी निरंतर मिलाप टीम

**जींद।** जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण कार्यालय के कल्याण अधिकारी कैप्टन सुधीर ने बताया कि भूतपूर्व सैनिकों वीर नारियों एवं आश्रितों की पेंशन एवं कल्याण संबंधी समस्याओं के निवारण के उद्देश्य से मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजिमेंट द्वारा निरंतर मिलाप टीम का गठन किया गया है।

### विद्यार्थियों के नहीं भरे जा रहे स्कॉलरशिप फार्म

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद के इकाई अध्यक्ष राहुल ने बताया कि विश्वविद्यालय और कॉलेज पढने वाले हरियाणा सरकार हर साल छात्रवृत्ति मिलती है, जोकि विद्यार्थियों को पढ़ाई करने के लिए सरकार की तरफ से मिलता है। लेकिन इस छात्रवृत्ति से सभी बैकवर्ड क्लास और शेड्यूल क्लास छात्रों की हर स्कॉलरशिप हटा कर नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर कर दिया है।

### बच्चों को दी रैडक्रास गतिविधियों की जानकारी

**जींद।** जिला रैडक्रास सोसायटी द्वारा पांच दिवसीय जेआरसी कैंप का शुक्रवार को समापन मोतीलाल स्कूल में हुआ। मुख्यातिथि के तौर पर राजस्व अधिकारी राजकुमार ने शिरकत की। कैंप में जिला जींद के विभिन्न स्कूलों से कुल 100 विद्यार्थियों को रैडक्रास की विभिन्न गतिविधियों, सामाजिक बुराइयों, बच्चों के विकास से संबंधित गतिविधियां योग एवं प्राथमिक सहायता से संबंधित गतिविधियां आयोजित करवाई गई।

### किसानों के हितों की रक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला प्रशासन किसानों के हितों की सुरक्षा और मंडियों में पारदर्शी खरीद व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। धान खरीद सीजन के दौरान किसानों की सुविधा के लिए मंडियों में सभी जरूरी प्रबंध किए गए हैं।

### भारत स्काउट गाइड फाउंडेशन डे समारोह

**उचाना।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बुडायन में भारत स्काउट गाइड फाउंडेशन डे बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया। संचालन राजकुमार द्वारा किया गया। कब मास्टर उमेश ने स्काउट गाइड आंदोलन का इतिहास और महत्व बताया। स्काउट गाइड उद्देश्य सदैव तैयार रहो के बारे में बताया।

---

### मोतीलाल स्कूल में स्काउट स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

# स्काउटिंग केवल एक गतिविधि नहीं बल्कि जीवन जीने की पद्धति: राजेश

### रैली के माध्यम से बच्चों ने समाज को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**देशभक्ति और सेवा भावना से ओतप्रोत माहौल देखने को मिला।**


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते स्काउट। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल स्कूल, जींद में स्काउट स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कब, बुलबुल, स्काउट और गाइड बच्चों ने स्काउट आंदोलन के संस्थापक लॉर्ड बेडन पावेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। बच्चों ने पुष्पांजलि देकर उनके आदर्शों को याद किया और विभिन्न सांस्कृतिक व सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से सच्चे स्काउट होने का परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्काउट प्रार्थना और ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद बच्चों ने स्काउट प्रतिज्ञा दोहराई और सदैव तत्पर रहो के नारे से वातावरण गुंजायमान कर दिया। विद्यालय परिसर में देशभक्ति और सेवा भावना से ओतप्रोत माहौल देखने को मिला। जिला संगठन आयुक्त (कब-बुलबुल) राजेश वशिष्ठ ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउटिंग केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति है। स्काउट प्रतिदिन एक भलाई का कार्य करते हैं, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग बच्चों में अनुशासन, नैतिकता, सेवा भावना, पर्यावरण संरक्षण और देशभक्ति की भावना विकसित करती है। उन्होंने बताया कि जिला जींद की कब बुलबुल गतिविधियां पिछले 17 वर्षों से निरंतर प्रगति कर रही हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना चुकी हैं। जिला संगठन आयुक्त (गाइड) ऊषा गुप्ता ने कहा कि स्काउटिंग और गाइडिंग गतिविधियाँ लड़कियों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार बनाती हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से लड़कियां आत्मरक्षा, स्वाभिमान और नेतृत्व के गुण सीखती हैं। उन्होंने बताया कि जिला जींद की कई गाइड छात्राएं राज्य और राष्ट्,ीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, समूह गान, समूह नृत्य और नशामुक्ति रैली जैसी विविध गतिविधियों में भाग लिया। नशामुक्ति रैली के माध्यम से बच्चों ने समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह देखने लायक था।

#### प्रशंसा पत्र वितरित किए

स्काउट मास्टर राजेश लाम्बा ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक स्काउट को अपने नौ नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग हमें समाज सेवा, सहयोग और नेतृत्व की भावना सिखाती है। हर स्काउट को समाज सुधार में अपनी भूमिका निभानी चाहिए और दूसरों के लिए प्रेरणा बनना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को स्टीकर और प्रशंसा पत्र वितरित किए गए। विद्यालय प्राचार्य ने सभी अतिथियों और बच्चों का धन्यवाद किया और कहा कि स्काउटिंग जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने भाग लिया और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत वातावरण में स्काउट स्थापना दिवस की यादगार झलक छोड़ी।

#### सामूहिक गायन कार्यक्रम

**पूंडरी।** भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में चौधरी ईश्वर सिंह कन्या कालेज, फतेहपुर-पूंडरी में इलेक्शन सेल एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अमिता राणा की अध्यक्षता में सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया। शुरुआत 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन से हुई, जिसमें छात्राओं एवं सभी स्टाफ सदस्यों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर सहभागिता की। प्राचार्या डॉ. अमिता राणा ने कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह राष्ट्रप्रेम, मातृभूमि के प्रति समर्पण और एकता का प्रतीक है। महाविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय चौधरी ईश्वर सिंह जी के महान योगदान को नमन करते हुए कहा कि उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर यह संस्थान निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

---

# वल्लभभाई पटेल पुस्तकालय का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। भाजपा नेता अशोक गुर्जर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते आयोजक।

गांव सजूमा में शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल पुस्तकालय का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने रिबन काटकर किया। अशोक गुर्जर का स्वागत निर्माणाधीन वाल्मीकि चौपाल पर लोगों ने पगड़ी पहनाकर किया। अशोक गुर्जर ने कहा कि सरदार वल्लव भाई पटेल का जीवन देश की एकता, अखंडता और जनसेवा का प्रतीक है। भारत की 562 रियासतों का एकीकरण कर उन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्हें 'लौह पुरुष' के नाम से जाना जाता है, और उनका योगदान आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

#### ये रहे मौजूद

कहा कि सरदार पटेल पुस्तकालय गांव के बच्चों और युवाओं के लिए ज्ञान, शिक्षा और प्रगति का केंद्र बनेगा। यह पहल ग्रामीण शिक्षा को नई दिशा देगी और युवाओं को उनके सपनों की उड़ान देने में सहायक होगी। यह पहल ग्रामीण शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पुरस्तकालय युवाओं को बिना पर्ची, बिना खर्ची रोजगार मुहैया करवाने में मिल का पत्थर साबित होगी। नायब सरकार युवाओं को योगयता के आधार पर रोजगार मुहैया करवा रही है। सरदार पटेल के आदर्श हमें एकता, परिश्रम और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के समापन पर अशोक गुर्जर ने कहा कि सरदार पटेल की तरह हमें भी देश, समाज और शिक्षा की सेवा के लिए समर्पित रहना चाहिए। आइए, मिलकर ज्ञान और प्रगति की इस ज्योति को और प्रखर करें। बिजली विभाग के एक्शन मनीष, एसडीओ मंजीत, गांव के सरपंच प्रतिनिधि अनिल सजुमा, नरेश सजुमा आदि मौजूद रहे।


जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा जन्नत को सम्मानित करते पदाधिकारी

### जाट स्कूल की छात्रा जन्नत ने जीता सोना

**कैथल।** अरुणाचल प्रदेश में आयोजित 69वीं स्कूली नेशनल गेम में बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जाट वमावि की छात्रा जन्नत ने गोल्ड मेडल जीतकर अपने विद्यालय और कैथल का नाम रोशन किया। ये प्रतियोगिताएं 27 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित की गई। प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने उपलब्धि पर जन्नत की कड़ी मेहनत और कठिन परिश्रम की सराहना की। जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि सिंह ढुल और कोषाध्यक्ष बलकार नैन ने खिलाड़ी छात्रा को बधाई व आशीर्वाद दिया तथा विद्यालय के अन्य छात्र व छात्राओं को जन्नत से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। राजकुमार बेनीवाल ने बताया जीवन में खेलों का विशेष महत्व है। खेलों से व्यक्तित्व का विकास तो होता ही है साथ में रोजगार के अवसर भी मिलते हैं। कार्यकारिणी के सदस्य गण डॉक्टर सत्यवान माजरा ,दलवीर कैरो, महावीर राविश, राजपाल गुहणा, सन्नी चौशाला, महावीर आदि मौजूद रहे।

### हरियाणा के किसानों पर भाजपा का 'खाद संकट'

**कैथल।** कैथल से कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने प्रदेश सरकार पर किसानों के साथ धोखा और लूट का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा की 'चार सवारी'—झूठ, लूट, धोखा और कालाबाजारी किसानों को खाद के नाम पर लूट रही है। सुरजेवाला ने 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल के पंजीकरण नियम को 'बेतुका' बताते हुए इसे प्राइवेट दुकानों में कालाबाजारी बढ़ाने का हथकंडा करार दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने तत्काल खाद की आपूर्ति नहीं बढ़ाई, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के इन हकों की लड़ाई में भाजपा सरकार से डटकर मुकाबला करेगी और किसान व मजदूर को उनका हक दिलाकर रहेगी। सुरजेवाला ने कहा कि सरकारी खरीदी के नाम पर खरीफ की फसल औने-पौने दामों में लूटी गई और अब रबी की बिजाई के समय खाद के हाहाकार ने किसानों को परेशान कर दिया है।

---

### कपूरथला साइंस सिटी का शैक्षिक भ्रमण

**राजौंद।** किठाना पब्लिक स्कूल किठाना में अध्ययनरत विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं प्रत्यक्ष अनुभव आधारित सीख को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विद्यालय द्वारा अमृतसर एवं कपूरथला साइंस सिटी का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। यात्रा में विद्यालय के अनेक विद्यार्थी एवं शिक्षकगण सम्मिलित हुए। स्कूल प्रधानाचार्या डा सुमन ढांडा व एम डी विकास ढांडा ने बताया कि अमृतसर के स्वर्ण मंदिर, जलियांवाला बाग, दुर्गियाना मंदिर के दर्शन किए तथा वाघा बॉर्डर पर आयोजित बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी का साक्षात्कार किया, जिसने विद्यार्थियों में देशभक्ति व अनुशासन की भावना को और प्रबल किया। इसके अतिरिक्त अमृतसर भ्रमण के पश्चात विद्यार्थियों ने पुष्पा गुजराल साइंस सिटी, कपूरथला का अवलोकन किया। यहाँ छात्रों ने स्पेस एवं एविएशन गैलरी, रोबोटिक्स मॉडल, क्लाइमेट चेंज सेक्शन, वाटर गैलरी, डिजिटोरियम तथा साइंस शो का अध्ययन किया। इस भ्रमण ने विद्यार्थियों की वैज्ञानिक दृष्टि को विस्तार दिया और अनेक अवधारणाओं को व्यावहारिक रूप में समझने का अवसर प्रदान किया।


एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के दौरान मौजूद स्टाफ सदस्य व स्कूल विद्यार्थी।


रक्तदाताओं को बैज लगाते राजन चिल्लाना, राजकुमार गोयल व अन्य अतिथिगण।

### रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म

**जींद।** पुराने बस अड्डे के एक निजी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रतिनिधि राजन चिलाना, अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल तथा सिविल अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं शाइनिंग स्टार्स प्ले स्कूल के चेयरमैन मनजीत सिंह, महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट के निदेशक राजकुमार भोला सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। रक्तदान शिविर में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर मुख्यअतिथि राजन चिलाना ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म है। जब कोई युवा रक्तदान करता है तो वह किसी अनजान व्यक्ति को नई जीवनशक्ति और आशा प्रदान करता है। मुख्यअतिथि राजकुमार गोयल ने कहा कि रक्तदान का संस्कार हर घर में होना चाहिए।

### भारत स्काउट एवं गाइड का 75वां स्थापना दिवस मनाया

**जींद।** हरियाणा राज्य द भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के तत्वावधान हीरक जयंती के उपलक्ष्य में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में भारत स्काउट एवं गाइड का 75 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। हीरक जयंती के मौके पर हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी व स्कूल की प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को भारत स्काउट एंड गाइड के डायमंड जुबली स्थापना दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी। उनके दिशा-निर्देशन में विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया व साथ ही स्थापना दिवस के बैज से बच्चों व अध्यापकों को सुसज्जित किया। कब बुलबुल एवं स्काउट गाइड को विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर बच्चों के साथ स्काउट गाइड यूनिट के इंचार्ज सुजाता शर्मा, अनिल कुमार, हर्षलता एवं पूनम देवी रहे। कार्यक्रम के उपरांत सीनियर सुपरवाइजर विजयपाल ने बच्चों के कार्यों की प्रशंसा की।


जींद। कार्यक्रम में मौजूद स्काउट्स। फोटो :हरिभूमि


जींद। कार्यशाला को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### स्वस्थ रहने के लिए छात्रों को करवाया योग

**जींद।** राजकीय कालेज में महिला प्रकोष्ठ द्वारा एक दिवसीय योग एवं ध्यान कार्यशाला का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में योग और ध्यान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य डा. रणधीर सिंह द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में तनाव, असंतुलित जीवन शैली और अस्वस्थ खान-पान से अनेक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। जिनका समाधान योग और ध्यान के माध्यम से संभव है। योग मनुष्य को अनुशासित, एकाग्रचित्त और शांत बनाता है। जिससे उसकी कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। मुख्य योग प्रशिक्षका गोमती ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के योगासन, प्राणायाम और ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास करवाया। उन्होंने विस्तार से समझाया कि कैसे नियमित योगाभ्यास से शरीर में लचीलापन, शक्ति और ऊर्जा का संचार होता है तथा मानसिक तनाव और चिंता से मुक्ति मिलती है।


जुलाना। बैठक में मनरेगा मजदूरों को संबोधित करते बीआरपी पूनम।

### मजदूरों को बताए उनके अधिकार

**जुलाना।** शादीपुर गांव में शुक्रवार को मनरेगा योजना के तहत सोशल ऑडिट के संबंध में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सोशल ऑडिट का आयोजन सोशल ऑडिट यूनिट चंडीगढ़ के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जा रहा है। इस मौके पर बीआरपी (ब्लॉक रिसोर्स पर्सन) पूनम रानी ने मजदूरों को मनरेगा के तहत मिलने वाले अधिकारों और सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ग्राम सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूनम रानी ने कहा कि मनरेगा योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है और गांव में टिकाऊ संपत्ति सृजित करना मनरेगा का उद्देश्य है। मनरेगा के तहत हर पंजीकृत परिवार 100 दिन का रोजगार पाने का अधिकार रखता है। किसी कारणवश रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाताए तो व्यक्ति को बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने का भी अधिकार रखता है। बीआरपी पूनम रानी ने ग्रामीणों को यह भी बताया कि वे अपने गांव में हुए कार्यों की जानकारी मनरेगा पोर्टल के माध्यम से देख सकते हैं।

# 100 मीटर दौड़ में सिया ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

दर्शन अकादमी 5 माइल, कैथल में आज उत्साह और आनंद से भरी किडीज़ मीट का सफल आयोजन किया। खेलकूद कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत और स्कूल प्रधानाचार्य के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद बच्चों ने सैक रेस, हर्डल रेस, हर्डल सैक रेस, रिले रेस, खो-खो तथा 100 मीटर दौड़ में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सैक रेस में नर्सरी कक्षा के गुरमत और सिया प्रथम स्थान पर रहे। हर्डल रेस में लकेजी कक्षा के आदर्श और भाविका प्रथम स्थान पर रहे। हर्डल सैक रेस में यूकेजी कक्षा के विवान और निकिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



कैथल। खिलाड़ियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

100 मीटर दौड़ में पहली कक्षा की सिया ने प्रथम स्थान, गर्विता ने द्वितीय स्थान तथा आरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो और रिले रेस प्रतियोगिता में द्वितीय कक्षा की टीम विजेता रही।कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य सुशील कुमार जी ने सभी प्रतिभागियों की खेल भावना और ऊर्जा की सराहना की गई और उन्हें ऐसे ही आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के मैनेजर अशोक भारती ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। रेनू, नैंसी, प्रियंका, वीरम,इशिका, रिशु, अनुप्रिया, पूजा, प्रशांत, रविंद्र, अभिमन्यु उपस्थित रहे।


गांव में पहुंचने पर बलकार सिंह का स्वागत करते ग्रामीण व समाज के लोग।

### प्रधान सेवक पद को लेकर जनसंपर्क अभियान तेज

**पूंडरी।** रोड बिरादरी में आगामी प्रधान सेवक पद के चुनाव को लेकर गतिविधियां जोर पकडने लगी हैं। अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी चौ. बलकार सिंह पूंडरी ने अहर और कुराना गांव में जाकर समाज के लोगों से सीधा संवाद किया। उन्होंने घर-घर जाकर मुलाकात की और सभा के माध्यम से उपस्थित साथियों के विचार सुने। उन्होंने कहा कि प्रधान सेवक का पद सेवा, समर्पण और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का अवसर है। बिरादरी की एकता ही सबसे बड़ी ताकत है और यही ताकत आने वाले समय में समाज को नई दिशा दे सकती है। उन्होंने कहा कि अगर साथी समर्थन और सहयोग देते हैं तो समाज में शिक्षा, खेल, रोजगार और सामाजिक जागरूकता जैसे मुद्दों पर ठोस रूप से कार्य किए जाएंगे।

---

### आर्य समाज राम नगर में तीन दिवसीय वैदिक सत्संग समारोह

# अपने दोषों को चुन-चुन कर त्याग देना चाहिए : आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। कार्यक्रम में भजन सुनाते हुए। फोटो :हरिभूमि

आर्य समाज राम नगर में चल रहे तीन दिवसीय वैदिक सत्संग समारोह के पहले दिन की प्रातःकालीन सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कुंडली सोनीपत से पधारे आचार्य नरेंद्र मैत्रेय ने कहा कि यज्ञ हमारे दोषों को दूर करता है। इससे पूर्व हवन के पश्चात करनाल से आए वैदिक भजनोपदेशक एवं गायक पंडित जसविंदर आर्य ने कहा कि हमें अपने दोषों को चुन-चुन कर त्याग देना चाहिए अन्यथा ये दोष हमारे अस्तित्व को ही समाप्त कर देंगे। ईश्वर की स्तुति, प्रार्थना और उपासना ही हमें इतना बल देती है कि हम आसानी से इन दोषों का त्याग कर सकें। वे आर्य समाज राम नगर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वैदिक सत्संग समारोह के दूसरे दिन उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने जीवन के लक्ष्य को समझने की जरुरत पर बल देते हुए कहा कि हमें अपने जीवन का वास्तविक लक्ष्य अवश्य समझना चाहिए। धन को साधन मानना चाहिए, साध्य नही। साध्य की प्राप्ति के लिए साधन का सदुपयोग कर जीवन को उन्नति की तरफ ले जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें ईश्वर से मांगने का सलीका भी आना चाहिए। हम अक्सर भगवान से अनाप-श्नाप चीजें मांगते हैं। ईश्वर हमारी सभी प्रार्थनाएं स्वीकार नही करता। ईश्वर से हमें बुद्धि और बल की कामना करनी चाहिए। अपने मधुर भजनों के माध्यम से लोगों को वेद पढने तथा उसके अनुकूल आचरण करने के लिए प्रेरित किया।

#### ऐश्वर्य को अपनी कमजोरी ने बनने दें

आर्य जगत के वेदज्ञ विद्वान एवं वक्ता आचार्य नरेंद्र आर्य मैत्रेय ने कहा कि हमें संसार के ऐश्वर्य को अपनी कमजोरी नहीं बनने देना चाहिए। जब भी हम कमजोर पड़ते हैं, वहीं से हमारी हार की शुरुआत हो जाती है। ईश्वर की भक्ति को हमें अपनी ताकत बनाना चाहिए। परमात्मा की शरण को अमृत के समान बताते हुए उन्होंने कहा कि परमात्मा का आश्रय मोक्ष और सुख को देने वाला है। जबकि परमात्मा से दूरी विष के समान है और दुखों को देने वाली है। इसलिए हमें सदैव परमात्मा की भक्ति को अपने दैनिक कार्यों पर वरीयता देते प्रतिदिन भक्ति के लिए समय निकालना चाहिए। कार्यक्रम का प्रारंभ आचार्य नरेंद्र आर्य मैत्रेय के ब्रह्मत्व में वैदिक यज्ञ से हुआ। मंच संचालन आर्य समाज राम नगर के संयोजक यज्ञवीर आर्य ने किया। शुक्रवार से शुरू हुआ यह तीन दिवसीय वैदिक सत्संग समारोह रविवार रात्रिकालीन सभा तक चलेगा। इस दौरान प्रातःकालीन सभा में यज्ञ, भजन और प्रवचन का कार्यक्रम होगा। जबकि रात्रि कालीन सभा में सुमधुर भजनों एवं वेद आधारित जीवन उपयोगी उपदेश का कार्यक्रम रहेगा। शांतिपाठ और जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आर्य समाज राम नगर के संरक्षक कर्ण सिंह आर्य मौजूद रहे।


नरवाना। कार्यक्रम में भाग लेते हुए कैडेट्स। फोटो :हरिभूमि

### विस्तार व्याख्यान का आयोजन

**नरवाना।** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना में आज प्राचार्या डा. अंजना लोहान की अध्यक्षता में एनसीसी प्लेसमेन्ट एवं करियर गाइडेन्स सेल एन एसएस सैल की ओर से एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमे बेलरखां गाँव की बेटी पूर्व सेना अधिकारी डॉ सुनैना सिहँ ने विषय विशेषज्ञ के रूप में शिरक्त की। डॉ सुनैना ने छात्राओं को सर्विस सलेक्शन बोर्ड के इन्टव्यू की तैयारी हेतु छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। आर्मी में जाने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ होने के साथ.साथ मानसिक रूप से भी स्वस्थ अनिवार्य होता है। त्वरित निर्णय शक्तिए संचार कौशल सामान्य ज्ञान तन व मन से मजबूत होना सैन्य नौकरी पाने के लिए आवश्यक होते हैं। इन्होंने एस एस बी की तैयारी के साथ.साथ छात्राओं को आत्मविश्वासए चरित्र सकारात्मक सोच मानवीय मूल्यों विषयों पर भी छात्राओं से चर्चा की। मंच संचालन एनसीसी कैडेट निर्मल ने किया। निर्मल ने मैडम सुनैना का परिचय उपस्थित छात्राओं को दिया। अवसर पर डॉ0 अनीता छाबड़ा, डॉ0 शालु सचदेवा, मधु शर्मा, रुक्मणी सैनी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



जींद। राष्ट्रीय गीत गातीं प्राध्यापिकाएं।

### कॉलेज में वंदे मातरम गीत का आयोजन

**नरवाना।** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम्‌ की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज की प्राचार्या डॉण अंजना लोहान के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्राचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि वदे मातरम केवल एक गीत नहीं बल्कि भारत माता के प्रति हमारी श्रद्धाए सम्मान और समर्पण का प्रतीक है। गीत से विद्यार्थियों में देशभक्ति और एकता की भावना प्रबल होती है।



जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव

**नरवाना।** खानपुर गांव में स्थित लाला जय भगवान कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 18वाँ वार्षिक उत्सव अत्यंत हर्षोल्लासए उमंग और सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि करण प्रताप सिंह ने शिरकत की। अतिथियों में विशम्बर दयाल गोयल ;हनुमानगढ़ विद्यालय के निर्देशक सुरेश कुमार गुप्ता ए अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ए कोषाध्यक्ष धर्मपाल गुप्ता ए सचिव अनिल एवं प्रवीण गुप्ता उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय संकल्प दोहराने का प्रतीक वंदे मातरम

**कलायत।** पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत आज पूरे देश में में गुंजायमान है। देशवासियों ने एक सुर में राष्ट्रीय गीत का पूर्ण वाचन किया, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति के गौरव से गुंजायमान हो उठा। यह सामूहिक गान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को श्रद्धांजलि देने और राष्ट्रीय संकल्प को दोहराने का प्रतीक बना। ढांडा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहीं थीं।

### सीएम आवास का घेराव 14 दिसंबर को करेंगे

**जींद।** भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा के आह्वान पर 14 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। भवन निर्माण कामगार यूनियन के राज्य महासचिव सुखबीर सिंह, जिला सचिव संदीप जाजवान ने कहा कि एक तरफ सरकार श्रमिकों को शिविर लगा कर जागरूक कर रही है। दूसरी तरफ निर्माण मजदूरों के श्रम कल्याण बोर्ड में छह हजार करोड़ रुपये जमा होने के बावजूद मजदूरों को सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। मनरेगा में मजदूरों को काम नही मिल रहा है।

राजकीय महाविद्यालय में वंदे मातरम क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन

# वंदे मातरम गीत से गूंजा जींद देशभक्ति के रंग में सब डूबे

## सभी बोले-मातरम केवल एक गीत नहीं बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय एकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

राजकीय महाविद्यालय में वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में विशेष क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सांस्कृतिक चेतना और देशभक्ति की भावना को सशक्त करना था। कार्यक्रम में कुल नौ टीमों ने भाग लिया। जिनके नाम भी राष्ट्रभावना से ओतप्रोत थे। देशभक्त, जय हिंद, राष्ट्रगीत, वंदे वीर, तिरंगा, एकता शक्ति, आजादी के रंग, भारत मां तथा मातृभूमि। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम देश भगत (तमन्ना एवं मनीषा) की रही। द्वितीय स्थान टीम जय हिंद (खुशबू एवं तनिशा) की रही। तृतीय स्थान टीम राष्ट्रगीत (प्रिया एवं निशु) की रही। इस अवसर पर प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नही बल्कि हमारे राष्ट्र के आत्मसम्मान, स्वाभिमान और स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी इकाई द्वारा किया गया। जिसके प्रभारी ले. पंकज तथा डा. ज्योति लाडवाल रहे।

- प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम देश भगत तमन्ना एवं मनीषा की रही
- द्वितीय स्थान टीम जय हिंद खुशबू एवं तनिशा के नाम रहा





जींद। राजकीय महाविद्यालय में प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बच्चे तथा राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### पीआईजी कॉलेज में सामूहिक गायन का कार्यक्रम

पीआईजी राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार पूरे राष्ट्र स्तर पर आयोजित अभियान का हिस्सा रहा। कार्यक्रम प्रातः 9:50 बजे महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की दोनों एनएसएस यूनिट, एनएसएस वालेंटियर्स, फैकल्टी मैम्बर तथा छात्राओं ने उत्साहपूर्वक वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। सामूहिक गायन के दौरान परिसर में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना प्रतिध्वनित हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रिंसिपल जय नारायण गहलावत ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, भारतीय संस्कृति के सम्मान तथा राष्ट्रगौरव की भावना सदैव हृदय में बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि देशभक्ति केवल भाव नही बल्कि जीवन शैली का स्थायी मूल्य होना चाहिए। कार्यक्रम में दोनों एनएसएस यूनिट व वालेंटियर्स की सक्रिय भागीदारी रही तथा छात्राओं ने उत्साहित होकर राष्ट्रप्रेम का संदेश प्रसारित किया।

### पिल्लूखेड़ा महाविद्यालय में सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन

महर्षि जमदग्नि राजकीय कॉलेज पिल्लूखेड़ा में वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्या बबीता पवार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गीत के सामूहिक गायन से हुआ। सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक स्वर में यह राष्ट्रभक्ति गीत गाकर देश के प्रति सम्मान और गर्व की भावना व्यक्त की।




जींद। वंदे मातरम गीत गाते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## हिंदू कन्या महाविद्यालय में मनाई वंदे मातरम की वर्षगांठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

डीजीएचई पंचकूला के निर्देश पर महाविद्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में एनएसएस इकाई और एनसीसी विंग दोनों के संयुक्त तत्वावधान में भव्य सामूहिक गान एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों और सभी छात्राओं ने एक साथ मिल कर सामूहिक वंदे मातरम गीत की वंदना की। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम सिर्फ एक गीत नही बल्कि हमारी राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। उन्होंने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाखों भारतीयों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना। यह हमें हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों की याद दिलाता है और हमें एक सूत्र में पिरोता है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी क्रांति और एनसीसी की सीटीओ अंजू ने कार्यक्रम का आयोजन किया तथा मंच का संचालन डा. क्यूटी ने किया। एनएसएस की कुछ स्वयंसेविकाओं ने सीआरएसयू में हुए वंदे मातरम समारोह में भी सामूहिक गान में अपनी भूमिका दिखाई तथा उस कार्यक्रम में भी अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय गीत के प्रति अपने सम्मान को अभिव्यक्त किया।

- प्राचार्या डा. पूनम मोर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया

### नरवानाः लघु फिल्म दिखाकर किया जागरूक



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**नरवाना।** वंदे मातरम्‌ गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्थानीय केएम कालेज में उपमंडल स्तरीय स्मर्णोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का लाइव संबोधन सुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंदे मातरम्‌ गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले स्मर्णोत्सव की देशवासियों को बधाई दी। उपमंडल स्तरीय इस कार्यक्रम में एसडीएम जगदीश चंद्र ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम्‌ गीत के इतिहास को दर्शाती हुई एक लघु फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम मे एसडीएम जगदीश चन्द्र ने बताया कि वंदे मातरम्‌ गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अगले साल 7 नवंबर तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### राष्ट्रगीत के गायन से गूंजा आर्य स्कूल का प्रांगण

**नरवाना।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की रचना को 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में आयोजित राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत आज आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया। इससे पूर्व विद्यालय के सभी विद्यार्थियों की विशेष कक्षाएं लगाई गईं जिनमें उन्हें राष्ट्रगीत के इतिहासए इसके मूलपाठए इसके अर्थ और गायन का तरीका समझाया गया। राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन से पूर्व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य रघुभूषण लाल ने उन्हें बताया कि राष्ट्रगीत की रचना प्रसिद्ध बांग्ला लेखक बंकिम चंद्र चटर्जी ने की थी। आजादी के बाद 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा ने इसे राष्ट्रगीत के रूप में अपना लिया।



जींद। राष्ट्रीय गान गाते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय कालेज में भव्य कार्यक्रम आयोजित

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय कालेज में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम उपमंडल स्तर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम होशियार सिंह, नायब तहसीलदार सिराज खान और कॉलेज के प्राचार्य शमशेर सिंह ने शिरकत की। छात्राओं कृति, सुमिता, राखी, काजल, हेमा, आराध्या, कोमल और रुचिका ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। मुख्यअतिथि कैप्टन योगेश बैरागी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ष्वंदे मातरमष केवल एक गीत नहींए बल्कि हमारे देश की एकताए स्वतंत्रता और सम्मान का प्रतीक है।

### वंदे मातरम भारत की पहचान : देवेंद्र अत्री



जींद। कार्यक्रम में सभी एक साथ वंदे मातरम गीत गाते हुए। फोटो : हरिभूमि

**उचाना।** बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल उचाना मंडी में स्मरण उत्सव का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। अध्यक्षता एसडीएम दलजीत सिंह ने की। कार्यक्रम में पहुंचे विभिन्न विभागों के अधिकारीए भाजपा पदाधिकारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत गाया। मंच संचालन महेंद्र श्योकंद ने किया। राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण देखा। प्रधानमंत्री ने वंदे मातरम्‌ गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले स्मरणोत्सव की बधाई दी। अत्री ने कहा कि वंदे मातरम सिर्फ एक राष्ट्रगीत नहींए यह भारत की पहचान है। इस राष्ट्रीय गीत ने स्वराज आंदोलन को नई दिशा और प्रेरणा दी।

### वंदे मातरम देशभक्ति की भावना होती प्रबलः सतपाल



कैथल। विधायक सतपाल जांबा पूंडरी में वंदे मातरम कार्यक्रम के तहत।

**पूंडरी।** विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि मां भारती को समर्पित देशभक्ति और आध्यात्मिकता के भाव से भरा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस उपलक्ष्य में पूरे देश भर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं है, यह भारत की सामुहिक चेतना और स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों का नारा था। इस गीत के गायन से देशभक्ति की भावना और अधिक प्रबल होती है। विधायक सतपाल जांबा शुक्रवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष के स्मरणोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि अपना संबोधन दे रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन भी सुना। विधायक ने कहा कि वंदे मातरम की रचना के समय हमारा देश विदेशी शासनों के अधीन था। पूरे विश्व के अंदर एक हमारा ही देश ऐसा है, जिसे हम मां के नाम से पुकारते हैं। इस गीत के माध्यम से भारत माता के लिए प्राणों की आहुति देने वाले महान वीरों को याद किया जा रहा है। वंदे मातरम गीत हमारे देश की एक पहचान है।

### वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं राष्ट्र की धड़कन

**राजौंद।** राजकीय राजौंद में वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वंदे मातरम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सुशील पांचाल मंडल अध्यक्ष ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं है, यह राष्ट्र की धड़कन है। यह भारत की आत्मा है। यह एक ऐसी शक्ति है, जिसने गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने के लिए भारत के स्वराज्य आंदोलन को नई ऊर्जा दी। इस दौरान वकील अहमद एचएसवीपी कैथल, सुशील पांचाल मंडल अध्यक्ष राजौंद, कुलविंदर राणा जिला उपाध्यक्ष, बबीता देवी चेयरपर्सन नगरपालिका राजौंद, जंगीर सिसला,कपील दीक्षित, ईश्वर सिंह,पवन आर्य, विजेंद्र सिंह प्रिंसिपल जीएमएसएसएस अजय मलिक पीपीएल, रविंदर जीजीएसएसएस राजौंद, अशोक कुमार बीआरपी व ब्लॉक नोडल अधिकारी, कुलदीप वर्मा सहायक, संदीप बीआरपी मौजूद रहे।




कैथल। कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्रीय भावना, एकता और देशभक्ति का प्रतीक वंदे मातरम



कैथल। पूर्व विधायक कुलवंत सिंह बाजीगर वंदे मातरम कार्यक्रम के दौरान।

**गुहला चीका।** राष्ट्रीय वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उपमंडल स्तर कार्यक्रम का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर सीटीएम गुरविंदर सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वागत किया। सबसे पहले पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने मां भारती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा वंदे मातरम गीत का भव्य गायन किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा देशभक्ति नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। पूर्व विधायक कुलवंत सिंह बाजीगर ने कहा कि वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर देश व प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों से इस गीत को सुना जा रहा है।

### राजकीय महाविद्यालय राजौंद में राष्ट्रगीत का उत्सव मनाया

**राजौंद।** राजकीय महाविद्यालय राजौंद में राष्ट्रगीत वंदे मातरम की150वीं वर्षगांठ और गुरु तेग बहादुर की 350 में वर्षगांठ के उपलक्ष में इंर्पोटेंट डे सेलिब्रेशन समिति के सौजन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश भक्ति गीतों एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कमेटी इंचार्ज रविंद्र कुमार हिंदी ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। सर्वप्रथम महाविद्यालय परिवार ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम का तन्मयता से श्रवण किया प्रतिभागियों ने अपने देशभक्ति गीतों और ओजस्वी विचारों से विद्यार्थियों में देशभक्ति की लहर जगाई। जो भरा नहीं है भावों से, जिसमें बहती रसधार नहीं वह हृदय नहीं पत्थर हैं। इस दौरान राम मेहर, दीपक, अशोक प्रदीप तरुण निशा सीमा राजरानी भी उपस्थित रहे ।

**सही कदम** बाल वाटिका से लेकर कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों को दिया जाता मिड-डे मील

# सीधे एग्रो कार्पोरेशन के स्टोर से स्कूलों में भेजी जाएगी आवश्यक खाद्य सामग्री

इस निर्णय से सप्लाई की पारदर्शिता बढ़ेगी और मिड-डे मील और होगा पौष्टिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिले के राजकीय स्कूलों में पढने वाले विद्यार्थियों के लिए अब मिड-डे मील पहले से अधिक पौष्टिक, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण होगा। अब मध्याह्न भोजन में उपयोग होने वाली सभी सामग्री की आपूर्ति हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से की जाएगी। इस संबंध में मौलिक शिक्षा विभाग हरियाणा और हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज के बीच एक वर्ष का समझौता किया गया है जो छह अगस्त 2026 तक लागू रहेगा। शिक्षा विभाग के अनुसार इस कदम से विद्यार्थियों को संतुलित पोषण युक्त भोजन मिल सकेगा। जिससे उनके स्वास्थ्य, शारीरिक विकास और एकाग्रता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पहले कई बार सामग्री की कमी और गुणवत्ता को लेकर शिकायतें आती थी लेकिन अब एग्रो कारपोरेशन से सीधी आपूर्ति होने से यह समस्या खत्म होगी। नई व्यवस्था में बाल वाटिका से लेकर कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री सीधे एग्रो कार्पोरेशन के स्टोर से स्कूलों में भेजी जाएगी। इससे सप्लाई की पारदर्शिता बढ़ेगी बल्कि भोजन की गुणवत्ता और समय पर उपलब्धता भी सुनिश्चित होगी। मिड-डे मील का उद्देश्य केवल भोजन उपलब्ध कराना नही बल्कि बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार और विद्यालयों में उपस्थिति बढ़ाने का भी है।



जींद। मिड-डे मील खाते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### जिले में 63 हजार विद्यार्थियों को मिलता मील

जिले में पहली से आठवीं कक्षा में 63753 विद्यार्थियों को मिड डे मील दिया जाता है। इसमें बाल वाटिका में 4670, पहली कक्षा में 5644, दूसरी कक्षा में 5094, तीसरी कक्षा में 5085, चौथी कक्षा में 7289, पांचवीं कक्षा में 8421, छठी कक्षा में 8886, सातवीं कक्षा में 9107 और आठवीं कक्षा में 9557 विद्यार्थी हैं।

**विद्यार्थियों को मिलेगा बेहतर मिड डे मीलः** जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग के अनुसार इस कदम से विद्यार्थियों को संतुलित पोषण युक्त भोजन मिल सकेगा। अब मध्याह्न भोजन में उपयोग होने वाली सभी सामग्री की आपूर्ति हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से की जाएगी। इस संबंध में मौलिक शिक्षा विभाग हरियाणा और हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज के बीच एक वर्ष का समझौता किया गया है जो छह अगस्त 2026 तक लागू रहेगा।

### धन्ना भगत मूर्ति का अनावरण आज : प्रदीप

**कैथल।** कुरुक्षेत्र स्थित अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में 8 नवंबर को संत शिरोमणि धन्ना भगत की मूर्ति का अनावरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रमुख समाजसेवी प्रदीप कादियान ने बताया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी शिरकत करेंगे और विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा भाग लेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गन्नौर से विधायक देवेंद्र कादियान करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर समाजसेवी जय भगवान शर्मा और प्रदीप मोर अध्यक्ष स्वतंत्र समूह सेवा समिति भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि संत शिरोमणि धन्ना भगत की मूर्ति के अनावरण का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। यह कार्यक्रम जाट धर्मशाला के प्रधान कृष्ण श्योकंद व पूरी समिति की ओर से आयोजित किया जा रहा है।

## प्रो. सम्पत सिंह बदल चुके हैं पहले कई दल : जयप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

हिसार लोकसभा से कांग्रेस सांसद जयप्रकाश पीडब्लयूडी विश्राम गृह पहुंचे। हर महीने के पहले शुक्रवार को वो उचाना के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह पहुंचते है। यहां पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं, हलके के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनते है। सांसद जयप्रकाश ने कहा कि प्रो. संपत सिंह कई पार्टी बदल चुके हैं।

जिस पार्टी में आज वो गए है उस पार्टी पर वो तरह-तरह के आरोप लगाते थे। प्रो. सम्पत सिंह की उम्र अधिक हो चुकी है वो बुजुर्ग हो चुके है। कांग्रेस को लेकर इस तरह के आरोप नहीं लगाने चाहिए जिसमें सच्चाई ना हो। आज राहुल गांधी ने पूरे देश को एक आइना दिखाया। प्रदेश में वोट चोरी होकर सरकार बनी है। हरियाणा में जो सरकार बनी है वो वोट चोरी से बनी सरकार है। प्रोण सम्पत सिंह कांग्रेस अनुशासन कमेटी द्वारा पार्टी स्तर पर अनुशासनहिनता की कार्यवाही होने के डर से पार्टी छोड़ गए। प्रो. सम्पत सिह कई पार्टी छोड़ चुके हैं। किसानों को औने-पौने दामें पर पीआर धान को बेचना पड़ा। सीएम सैनी की एक बात सही निकली जिसमें वो सोशल मीडिया पर चल रही वीडियो में चुनाव से पहले कहते नजर आ रहे है कि सारे बंदोबसत कर दिए हैं।



उचाना। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस सांसद जयप्रकाश।